प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती वर्ष समारोह पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

पंतनगर। 31 अगस्त, 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाविद्यालय इस वर्ष (2020–21) को 'स्वर्ण जयन्ती वर्ष' के रूप में मना रहा है। स्वर्ण जयन्ती वर्ष कार्यक्रम का प्रारम्भ गृहविज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिष्ठाता, कृषि, डा. एस. के. कश्यप, अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान, डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता, मत्स्य, डा. आर. एस. चौहान, अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा, डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता, कृषि एवं व्यवसाय प्रबंधन, डा. आर. एस. जादौन एवं अधिष्ठाता, विज्ञान एंव मानविकी, डा. संदीप अरोरा ने कपूर, हरसिंगार, दालचीनी, रूद्राक्ष, नागकेशर, तेजपत्ता, रातरानी, चाँदनी तथा गंधराज के पौधों का रोपण किया। डा. अल्का गोयल ने महाविद्यालय में चल रहे कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में सभी को बताया तथा उपस्थित जनों को महाविद्यालय में निर्मित सूती मास्क का निःशुल्क वितरण भी किया। इस अवसर परं महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टाफ काउंसलर व 'स्वर्ण जयन्ती वर्ष' की आयोजन–कमेटी की अध्यक्ष, डा. नीतू डोभाल की देखरेख में हुआ।

गृह विज्ञान महाविद्यालय में वृक्षारोपण करते अधिष्ठाता, मत्स्य, डा. आर.एस. चौहान, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा, डा. के.पी. रावेरकर एवं अन्य अधिष्ठाता ।